# युवा सिपाही

वर्ष-21 अंक 05
मई-2026
RNI/Regd. No. 22586/DELHIN/2007
मासिक मूल्य 10/-

BEARING THE FRUITS
JOHN 15:5-8
THE SALVATION ARMY
2026
INDIA NORTHERN TERRITORY

# HAPPY Mother's DAY





## Content / विषय सूची


- **अपनी माता का आदर करो।**
  **मेजर राजू मसीह,**
  *टैरीटोरियल यूथ सैक्रेटरी,*
  *उत्तरी भारत टैरीटरी,*
  *नई दिल्ली*
- **माओं का दिन**
  **मेजर अनिल मसीह**
  *लिटरेरी ऑफिसर,*
  *उत्तरी भारत टैरीटरी,*
  *नई दिल्ली*
- **रंग भरो**
- **शब्द पहेली**
- **भूलभुलैया**
- **असमानता का पता लगाओ**







## *Honour Your Mother*

## अपनी माता का आदर करो।

**निर्गमन 20:12 - "अपने पिता और अपनी माता का आदर करना......"**



मदर्स डे, एक विशेष दिन है जब हम परमेश्वर का धन्यवाद करते हैं कि उसने हमें माँ का अनमोल उपहार दिया। बच्चों और युवाओं के लिए बाईबल स्पष्ट रूप से कहती है - ***"अपनी माता का आदर करो।"***

आदर करने का अर्थ है सम्मान करना, प्रेम करना और आज्ञा मानना। यह केवल **"धन्यवाद"** कहने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने व्यवहार से इसे दिखाना है।

नीतिवचन 1:8, ***"अपनी माता की शिक्षा को न छोड़।"*** इफिसियों 6:1, ***"हे बालको, प्रभु में अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करो।"***

माँ हमें सही रास्ता सिखाती है, हमारे लिए प्रार्थना करती है, हमारी देखभाल करती है और हमारे लिए त्याग करती है - जब हम समझ नहीं पाते।

**छोटी कहानी :**

एक लड़का हमेशा अपनी माँ की बातों को अनदेखा करता था। माँ उसे पढ़ने, प्रार्थना करने और अच्छा बनने के लिए कहती थी, लेकिन वह गुस्सा करता था। एक दिन उसने अपनी माँ को रोते हुए प्रार्थना करते देखा। उसने पूछा, ***"आप क्यों रो रही हैं?"*** माँ ने कहा, ***"मैं परमेश्वर से तेरी रक्षा और तेरे भविष्य के लिए प्रार्थना कर रही हूँ।"***





उस दिन लड़के को समझ आया कि उसकी माँ का प्रेम कितना गहरा है। उसने अपना व्यवहार बदल लिया और अपनी माँ का आदर करने लगा।

**युवाओं के लिए संदेश :**




अक्सर हम अपनी माँ को हल्के में लेते हैं। दोस्तों की बात ज्यादा सुनते हैं। कभी-कभी बहस करते हैं या अनदेखा करते हैं। पर आज परमेश्वर हमें याद दिलाता है: उनकी बातों का सम्मान करो उनकी आज्ञा मानो उनके प्रेम की कद्र करो

**निष्कर्ष :**

**माँ का आदर करने से आशीष और लंबी आयु मिलती है। ( निर्गमन 20:12 )।**

**केवल आज ही नहीं मनाना - अच्छे शब्द बोलो**

**धन्यवाद कहो प्रेम दिखाओ**

**क्योंकि माँ का प्रेम परमेश्वर का उपहार है।**

**यीशु का प्रेम - माँ जैसा प्रेम**

यीशु का प्रेम भी एक माँ के प्रेम के समान है। यशायाह 66:13 - ***"जैसे माँ अपने पुत्र को शांति देती है, वैसे ही मैं तुम्हें शांति दूँगा।"***

जैसे माँ हमें संभालती है, वैसे ही यीशु हमें संभालते हैं, हमारी चिंता करते हैं और हमें कभी नहीं छोड़ते।

**"माँ का प्रेम हमें यीशु के प्रेम की झलक दिखाता है।**

**"हे प्रभु, हमें अपनी माताओं का आदर और प्रेम करने की सामर्थ दे।" "आमीन।"**

**मेजर राजू मसीह**
*टैरीटोरियल यूथ सेक्रेटरी,*
*उत्तरी भारत टैरीटरी, नई दिल्ली*

## Mother's Day / माओं का दिन






***"हन्ना की प्रार्थना और मातृत्व का उपहार"***

बहुत समय पहले इस्राएल में एक महिला रहती थी – हन्ना। उसका हृदय बहुत दु:खी था क्योंकि उसके कोई संतान नहीं थी। फिर भी वह परमेश्वर से हार नहीं मानी। हर दिन वह मंदिर जाती और आँसुओं के साथ प्रार्थना करती। उसने कहा, ***"हे प्रभु, यदि तू मुझे एक पुत्र देगा, तो मैं उसे तेरी सेवा में समर्पित कर दूँगी।"***




परमेश्वर ने उसकी सच्ची प्रार्थना सुनी और उसे एक पुत्र दिया। उसका नाम रखा गया – शमूएल। हन्ना बहुत प्रसन्न हुई, पर उसने अपना वचन नहीं भुलाया। जब शमूएल बड़ा हुआ, हन्ना उसे मंदिर में ले गई और कहा, ***"यह बच्चा प्रभु का है।"***

शमूएल ने मंदिर में सेवा की और आगे चलकर महान नबी बना। हन्ना ने दिखाया कि माँ का प्रेम केवल अपने बच्चे को पालने में नहीं, बल्कि उसे सही मार्ग पर ले जाने में भी है।

मातृ दिवस पर हम हन्ना जैसी माताओं को याद करते हैं, जो अपने बच्चों को विश्वास, प्रेम और भलाई की राह दिखाती हैं। माँ का दिल हमेशा अपने बच्चे के लिए प्रार्थना करता है और उसे जीवन में सही दिशा देता है।




**प्रश्न ( बच्चों के लिए ) :**

1. *हन्ना किस देश में रहती थी?*
2. *हन्ना क्यों दु:खी थी?*
3. *उसने किससे प्रार्थना की?*
4. *उसने क्या वचन दिया था?*
5. *परमेश्वर ने उसकी प्रार्थना कैसे सुनी?*
6. *उसके पुत्र का नाम क्या था?*
7. *हन्ना ने शमूएल को कहाँ ले जाकर समर्पित किया?*
8. *शमूएल बड़ा होकर क्या बना?*
9. *इस कहानी से माताओं के बारे में हमें क्या सीख मिलती है?*
10. *मातृ दिवस पर हम अपनी माँ के लिए कौन-सा अच्छा काम कर सकते हैं?*

**मेजर अनिल मसीह**
*लिटरेरी ऑफिसर*
*उत्तरी भारत टैरीटरी, नई दिल्ली*




**MASTER ROHIT MASIH**
**Shalle Chak Corps, DBN**




**SEERAT**
**Shalle Chak Corps, DBN**




**PRIYANKA**
**Shalle Chak Corps, DBN**




**MASTER ARMAN MASIH**
**Shalle Chak Corps, DBN**



*Hello, I am* : **NAME :**..........................................................................................................

**AGE**.................. **CORPS :**................................................ **Division**...............................................







# MOTHER'S DAY

## WORD SEARCH

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| W | Y | U | P | B | U | T | D | N | I | K |
| N | R | Q | Z | W | N | B | T | M | Q | T |
| T | U | E | V | E | S | S | E | C | U | K |
| P | B | S | I | S | R | E | A | I | U | E |
| D | W | T | I | E | M | I | C | E | Q | Q |
| R | A | L | N | S | O | K | H | S | T | C |
| P | U | N | E | S | M | O | E | R | Z | G |
| C | I | L | V | I | M | O | R | U | G | Q |
| P | A | I | O | K | Y | C | H | N | A | X |
| Y | S | F | L | O | W | E | R | S | J | O |
| P | E | S | G | U | H | A | C | N | R | G |

MOMMY
LOVE
HUGS
KISSES
FLOWERS
TEACHER
KIND
PATIENT
NURSE
COOKIES







*Hello, I am* : **NAME** :........................................................................................................

**AGE**.................. **CORPS** :.............................................. **Division**..............................................





# Mother's Day

## MAZE

Find your way through the maze to reach the flower in the center.







*Hello, I am* : **NAME :**.......................................................................................................

**AGE**.................. **CORPS :**................................................ **Division**..............................................

# SPOT THE DIFFERENCES/असमानता का पता लगाओ

## Joseph's Special Coat Spot the Differences

Compare the picture on the top with the picture on bottom. Circle the 16 things that are different.





*Hello, I am* : NAME :..........................................................................................

AGE.................. CORPS :................................................ Division..................................................


# युवा सिपाही

मुक्ति फ़ौज, उत्तरी भारत टैरिटरी का अधिकारिक अंग

RNI No. : DELHIN/2007/22586

विलियम और कैथरीन बूथ: संस्थापक

लिंडन बकिंघम : जनरल

अन्तर्राष्ट्रीय हेडक्वार्टर्स

101, क्वीन विक्टोरिया स्ट्रीट,

लंदन EC4V 4EH, यू.के.

वनललफेला : *प्रकाशक*

वनललफेला : *टैरिटोरियल कमांडर*

अमरीक मसीह : *संपादक*

मैसी आर्ट प्रेस : प्रिंटिंग प्रेस

युवा सिपाही मासिक प्रकाशित होता है,

एक कॉपी रु. 10.00

वार्षिक अंशदान भारतीय रु. 120.00

मुक्ति फ़ौज, उत्तरी भारत टैरिटरी,

नई दिल्ली

के पक्ष में मनीआर्डर या डिमांड ड्राफ्ट



डाक का पता :

मुक्ति फ़ौज, उत्तरी भारत टैरिटरी

टैरिटोरियल हेडक्वार्टर्स

एच-15 ग्रीन पार्क एक्सटेंशन

नई दिल्ली-110016, भारत

फ़ोन : +91-11-26167764
+91-11-26167763

ईमेल: int.mail@int.salvationarmy.org

int.editor@int.salvationarmy.org

बेबसाइट : www.salvationarmy.org@ind


## हमारा उद्देश्य

*मुक्ति फौज* एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है जो मसीही चर्च का एक अभिन्न अंग है, जिसकी आत्मिक प्रेरणा एक सुसमाचार, सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवकाई में व्यावहारिक अनुप्रयोग है।

इसका लक्ष्य सभी लोगों को पवित्र-शास्त्र के माध्यम से खोजे गए और दूसरों के साथ शांति और सद्भावना में पवित्र जीवन द्वारा प्रदर्शित जीवित मसीह के साथ संबंधों में जीवन की पूर्णता प्राप्त करने में मदद करता है।




SUNDAY SCHOOL CHILDREN PERFORMING SKIT IN EASTER MEETING
AT DELHI CITADEL CORPS, CHANDIGARH DIVISION



JUNIOR HOME LEAGUE MEETING
AT PADDA CORPS, DERA BABA NANAK DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT SOHAL CORPS, GURDASPUR DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT KAHNUWAN CORPS, GURDASPUR DIVISION




BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT GUJJA PEER CORPS5, DERA BABA NANAK DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT DARAPUR CORPS, GURDASPUR DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT BABRI NANGAL CORPS, GURDASPUR DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT ALI NANGAL CORPS, GURDASPUR DIVISION

*संस्थापिक* : विलियम बूथ जनरल : लिंडन बकिंघम, 101, क्वीन विक्टोरिया स्ट्रीट, लन्दन
स्वामी तथा प्रकाशक व मुद्रक : वनललफेला द्वारा : मैसी आर्ट प्रेस, आर.जेड. 317/20, तुगलकाबाद एक्स., नई दिल्ली-110019 से
मुद्रित : मुक्ति फौज, उत्तरी भारत टेरीटरी, एच-15, ग्रीन पार्क एक्स., नई दिल्ली-110016 संपादक : अमरीक मसीह, एच-15, ग्रीन पार्क एक्स., नई दिल्ली-110016
से मुद्रित व मुक्ति फौज, उत्तरी भारत टेरीटरी, एच-15, ग्रीन पार्क एक्स., नई दिल्ली-110016 से प्रकाशितअ त.एन.आई. पंजीकृत सं. : DELHIN/2007/22586